# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक– मु0 अ0–4 PMGSY–05–1091/09 - 2252 अनु0 /पटना, दिनांक– 06.06.14

प्रेषक,

काशीनाथ सिंह,
विशेष सचिव ।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषय : प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत बिहार राज्य के विभिन्न जिलों में संलग्न सूची के अनुसार पथ निर्माण की कुल 8 अदद योजनाओं का निर्माण कार्य सन्निहित है। प्रत्येक योजना के लिये संलग्न सूची के स्तम्भ 6 में अंकित लंबाई (कि0मी0) के उन्नयन/चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु अलग–अलग योजनाओं के लिये संलग्न सूची के स्तम्भ 8 में अंकित राशि के अनुरूप कुल 2877.25 लाख रूपये **(अठाईस करोड़ सतहतर लाख पच्चीस हजार रूपये)** मात्र की राशि के लिये पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किये जाने के संबंध में।

आंतरिक वित्तीय सलाहकार द्वारा अनौपचारिक रूप से परामर्शित

महाशय,

निदेशानुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत पूर्व में संलग्न सूची के स्तम्भ 10 में अंकित विभिन्न पत्रों के द्वारा स्वीकृत प्रशासनिक अनुमोदन के कुल 8 अदद योजनाओं के प्राक्कलन का अद्यतन दर पर पुनरीक्षण किया गया है। यह पुनरीक्षण ग्रामीण कार्य विभाग बिहार सरकार के संकल्प संख्या– 4168, दिनांक– 22.06.09 के आलोक में किया गया है। पुनरीक्षण के पश्चात बढ़ी हुई अतिरिक्त राशि का व्यय राज्य योजना से किया जाना है। उपर्युक्त वर्णित स्वीकृत्यादेशों के अनुसार पूर्व में प्रदत्त कुल 1645.90 लाख रु0 की प्रशासनिक स्वीकृति को अवक्रमित करते हुए 8 अदद योजनाओं को संलग्न सूची के स्तम्भ 6 में अंकित लम्बाई (किमी) के उन्नयन/चौड़ीकरण /सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु अलग–अलग योजनाओं के लिये ,संलग्न सूची के स्तम्भ 8 में अंकित राशि के अनुरूप कुल 2877.25 लाख रूपये **(अठाईस करोड़ सतहतर लाख पच्चीस हजार रूपये)** मात्र की राशि के लिये पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया जाता है।

**2.** इस योजना की स्वीकृति निम्न शर्तो के साथ प्रदान की गयी है–
   (क) यह सुनिश्चित किया जाये कि पथ में Cross Drainage Structure की पर्याप्त व्यवस्था हो।
   (ख) योजना के लिए कार्यपालक अभियंता से विस्तृत कार्य योजना मांगी जाये और उसके अनुरूप कार्यो को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाये।
   (ग) यह सुनिश्चित किया जाये कि योजनाओं का कार्यान्वयन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की मार्गदर्शिका में निहित प्रावधानों के अनुरूप हो।

**3.** ग्रामीण कार्य विभाग के संबंधित कार्य प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंता इस योजना के कार्य सम्पादन हेतु निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे। कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के मार्गदर्शिका के अनुसार मानक निविदा अभिलेख से निविदा के माध्यम से कराया जायेगा।

**4.** योजना के कार्यान्वयन से पूर्व इस पर सक्षम पदाधिकारी से प्रावैधिक स्वीकृति प्राप्त कर ली जायेगी।

**5.** यह एक केन्द्रीय योजना है, जिसमें पथ निर्माण के लिये मूल स्वीकृत राशि का वहन ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जाता है। राज्य सरकार के द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार दर पुनरीक्षण के कारण लगने वाली अधिकाई राशि का वहन विभाग को योजना बजट–4515 शीर्ष–नई सड़कें एवं पुल मद में प्राप्त हाने वाली राशि से किया जाएगा।

6. संबंधित कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा योजना की मासिक एवं त्रैमासिक भौतिक एवं वित्तीय प्रगति प्रतिवेदन निश्चित रूप से अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता के माध्यम से विभाग को उपलब्ध करायेंगे।

7. यह आदेश वित्त विभाग के संकल्प संख्या– एवं– 4–45/94–301वि (2), दिनांक 31.01.1995, वित्त विभाग के पत्रांक स्कीम (8)–11–2005–5090वि (2), दिनांक 15.09.2005, वित्त विभाग के पत्रांक एम–4–53/2007–96 वि0(2), दिनांक 03.01.2008, वित्त विभाग के पत्रांक एम–4–53/2007–2190वि0(2), दिनांक 17.03.2008 एवं ग्रामीण कार्य विभाग के संकल्प संख्या–मु0अ0–4–PMGSY-5-17/09-4168, दिनांक–22.06.09 के आलोक में आंतरिक वितीय सलाहकार की सहमति प्राप्त कर निर्गत किया जा रहा है।

विश्वासभाजन
5/6/14
(काशी नाथ सिंह)
विशेष सचिव

ज्ञापांक : मु0 अ0–4 PMGSY–05–1091/09 - 2252 अनु0 /पटना, दिनांक– 06.06.14
प्रतिलिपि– सभी संबंधित कोषागार पदाधिकारी, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5/6/14
विशेष सचिव

ज्ञापांक : मु0 अ0–4 PMGSY–05–1091/09 - 2252 अनु0 /पटना, दिनांक– 06.06.14
प्रतिलिपि– प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग (आय–व्यय शाखा)/ मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग/कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग/सभी संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/सभी संबंधित जिला पदाधिकारी/आंतरिक वित्तीय सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग/अभियंता प्रमुख, ग्रा0 का0 वि0, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता, ग्रा0 का0 वि0/मु0 अ0, मुख्यालय के सचिव (प्रा0), ग्रा0 का0 वि0/सभी संबंधित अधीक्षण अभियंता, ग्रा0 का0 वि0, कार्य अंचल/सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता, ग्रा0 का0 वि0 कार्य प्रमंडल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5/6/14
विशेष सचिव

# Road List for Revised AA (2.5-10) cr

| Sl. No | District | Block | Package No | Name of Road | Lengh(KM.) | Sanction Cost (Rs. In Lakh) | Revised Cost (Rs. In Lakh) | % increase | Letter No of AA |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Bhagalpur | Bihpur | BR-06R-105 | Jairampur to NH-31 Sahauri | 4.750 | 199.19 | 266.76 | 33.92 | 489 dt-27-02-2009 |
| 2 | Kishanganj | Kishanganj | BR-18R-006 | K.T.T.G.Road to Chhagalia | 4.500 | 204.39 | 325.96 | 59.48 | 4075 dt. 16-06-2009 |
| 3 | Nalanda | Ekangarsarai | BR-24R-017 | Ekangar Jehanabad Road to Gawaspur | 5.660 | 285.97 | 528.49 | 84.81 | 539 dt. 02-03-2009 |
| 4 | Nalanda | Hilsa | BR-24R-051 | Hilsa-Noorsarai Road to Kapciama | 3.961 | 161.57 | 329.48 | 103.93 | 491 dt-27-02-2009 |
| 5 | Nalanda | Islampur | BR-24R-035 | Islampur-Rajgir to Surthi | 4.240 | 187.15 | 283.64 | 51.56 | 489 dt-27-02-2009 |
| 6 | Nalanda | Islampur | BR-24R-029 | Islampur to Herthu | 3.920 | 156.72 | 294.05 | 87.63 | 489 dt-27-02-2009 |
| 7 | Nalanda | Islampur | BR-24R-026 | Islampur Rajgir to Bara | 4.123 | 187.32 | 403.61 | 115.47 | 489 dt-27-02-2009 |
| 8 | Nalanda | Islampur | BR-24R-031 | Islampur-Rajgir to Maidikala | 5.770 | 263.59 | 445.26 | 68.92 | 539 dt. 02-03-2009 |
| **Total** | | | | | **36.924** | **1645.90** | **2877.25** | **74.81** | |